





# जोशो खरोश के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार

## मुल्क में अमन, चैन, खुशहाली की मांगी रब से दुआ, ईदगाह घोघर में शहर क़ाज़ी ने अदा कराई नमाज़





**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मार्च. भाईचारे की भावना का प्रतीक ईद उल फितर का त्योहार आज पूरी शाइस्तगी अक़ीदत मंदी और जोशो खरोश के साथ पूरे देश की तरह रीवा शहर एवं जिले में भी मनाया गया.**

रमज़ानुल मुबारक के 30 रोज़े पूरा होने के बाद लोग ईद की तैयारी में जुट गए शरीअत हिलाल तस्दीक़ कमेटी के सेक्रेटरी एड. महमूद खान ने बताया कि सभी मुस्लिम भाई सुबह फजर की नमाज़ अदा कर ग़ुस्ल आदि से फ़ारिग होकर रंग-बिरंगे कपड़ों में नमाज स्थलों की ओर रवाना हुए तथा ईद उल फितर की वाजिब दो रकात नमाज़ अदा कर रमज़ान के महीने की इबादत का इनआम हासिल करने के लिए परवरदिगार की बारगाह में दुआ मांगी तथा नमाज़ के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की रब की बारगाह में गिड़गिड़ाते हुए मुस्लिम भाइयों ने वतन में अमन, चैन तरक्क़ी खुशहाली की दुआ मांगी, शरीअत हिलाल तस्दीक़ कमेटी द्वारा घोषित सभी 23 नमाज़ स्थलों में ईद की नमाज़ अदा की गई बीहर नदी के तट पर स्थित रीवा की मुख्य ईदगाह घोघर में शहर क़ाज़ी मुफ्ती मोहम्मद मुबारक अज़हरी साहब ने ईद उल फितर की नमाज़ अदा कराई इस मौक़े पर ईदगाह के मेंबर से नमाज़ियों को खिताब करते हुए अजहरी साहब ने कहा कि अल्लाह की रज़ा हासिल करने के लिए जिस शिद्दत से रमज़ान के महीने में इबादत की बाकी के 11 महीने में भी अगर हम इबादत का सिलसिला क़ायम रखें और गुनाहों से बचते हुए अपनी जिंदगी गुजार सकें तब हमें मान लेना चाहिए कि हमारे रोज़े और इबादत परवरदिगार की बारगाह में क़ुबूल हुए हैं।

ईदगाह घोघर सहित शाही ईदगाह बिछिया, जामा मस्जिद छोटी दरगाह, बड़ी दरगाह, दारा शाह तकिया बिछिया सहित सभी नमाज़ स्थलों में हजारों मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज़ अदा की रीवा शहर के अलावा ज़िले के कस्बाई इलाकों में भी ईद का त्योहार पूरी अक़ीदत के साथ मनाया गया केंद्रीय जेल स्थित मस्जिद में मुस्लिम बंदियों को कमेटी द्वारा नियुक्त पेश इमाम मौलाना अब्दुल रऊफ रिजवी ने नमाज़ अदा कराई ईद उल फितर के मौके पर जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन तथा नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सराहनीय रही ईद उल फितर का त्योहार शांति एवं सद्भाव पूर्वक संपन्न होने पर शरीअत हिलाल तस्दीक़ कमेटी के सदर एवं शहर क़ाज़ी मुफ्ती मोहम्मद मुबारक अज़हरी, नायब सदर गाजी नजीर खान, सेक्रेटरी एड. महमूद खान, खजांची अनस अब्बासी, जॉइंट सेक्रेटरी मोहम्मद आबाद खान, कार्यकारिणी सदस्य हाजी यामीन खान, डॉक्टर महमूद खान, अली अहमद, डॉक्टर शोएब खान, मोहम्मद मकसूद, मोइनुद्दीन शेख, सम्मानित सदस्य हाजी डॉक्टर अनीस सिद्दीक़ी, शौकत उमर निजामी, हाजी निजावत, जावेद अंसारी, समीउल्लाह खान बब्बू, वसीउल्लाह अंसारी, मोहम्मद खलील, डीडी खान, वसीम खान, आसिफ खान, गुलाम रसूल, निजामुद्दीन अंसारी, परवेज़ मुस्तफा आदि ने सभी हिंदू मुस्लिम भाइयों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा मीडिया के प्रति शुक्रिया का इज़हार किया है।

## संक्षिप्त



### नि :शुल्क प्याऊ का शुभारंभ

**रीवा.** ईष्टदेव श्री झूलेलाल की हम जलदेवता के रुप में भी पूजा करते हैं और इसलिए प्यासों को पानी पिलाना और जलसेवा को सिंधी समाज के लोग अपने ईश्वर की आराधना मानते हैं। उक्ताशय का विचार %चेट्रीचंड्र% श्री झूलेलाल जयंती एवं हिंदू नव वर्ष के पावन पर्व पर 20 मार्च को गुढ़ चौराहे पर स्थित आहूजा प्लाई में नि :शुल्क प्याऊ का शुभारंभ करते हुए पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह ने व्यक्त किया। श्री झूलेलाल जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व आरती के बाद फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया गया। आहूजा प्लाई के संचालक राजकुमार आहूजा ने कहा कि आज चेट्रीचंड्र के पावन दिवस पर जलसेवा का जो सौभाग्य मुझे मिला है यह मेरे लिए ईश्वर की इबादत जैसा है। इस अवसर पर नंदलाल कोटवानी, रेवाचंद्र आहूजा, सुशील कुंगवानी, कैलाश कोटवानी, शंकर सहानी, राजकुमार टिलवानी, महेश ठारवानी, विजय थावानी, मनीष सिंह मलूकानी, विजय ठारवानी, मनोज तनवानी, पप्पू मंजानी श्रीचंद ठारवानी एवं दीपक दुर्गिया ने राजकुमार आहूजा को इस पुण्य सेवाकार्य के लिए शुभकामनाएं और साधुवाद दिया।

### निषाद राज जयंती मनाई जाएगी आज

**रीवा.** निषाद राज स्मृति युवा संगठन के तत्वाधान में निषाद राज जयंती का पावन पर्व 22 मार्च 2026 दिन रविवार को बड़े धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा यह कार्यक्रम विश्वकर्मा मंदिर स्थित निषाद राजघाट बड़ी पुल के पास में आयोजित होगा इस अवसर पर सुबह 10 :00 से एक भव्य बाइक रैली एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो साइन बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर चक्रधर सिटी शिल्पी प्लाजा प्रकाश चौराहा घोड़ा चौराहा वेंकट चौराहा होते हुए निषाद राजघाट बड़ी पुल में समापन होगा कार्यक्रम के उपरांत निषाद राज की पूजा अर्चना प्रसाद वितरण एवं सामाजिक विषयों पर परिचर्चा का आयोजन भी होगा जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु संरक्षक मुकेश वर्मा प्रमोद कुमार सोंधिया राकेश सोंधिया सीताराम सोंधिया तथा संयोजक छोटेलाल रजक पप्पू कनौजिया जेपी कुशवाहा शक्ति सिंह कुशवाहा के साथ महिला मोर्चा की अध्यक्ष शकुंतला सोंधिया रश्मि सोंधिया ने समस्त संगठन के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं आम जंग से विनम्र अपील की है कि अपना अमूल समय निकालकर इस कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं

### आंधी बारिश से चौपट फसलों का सर्वे कराए सरकार

**रीवा.** मध्य प्रदेश के रीवा जिले सहित तमाम जिलों में तेज आंधी बारिश के चलते किसानों की गेहूं सहित अन्य फसलों का काफी नुकसान हुआ है। फसलों की नुकसानी की खबर सुनते ही संयुक्त किसान मोर्चा के नेता किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय महासचिव शिव सिंह एवं किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू ने कुल्लू बिहरा सुमेदा सहित रीवा जिले के तमाम इलाके का किसानों के साथ भ्रमण किया। तेज आंधी बारिश से लगभग 40 से 50 फ़ीसदी फसलों का नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है।

# आंधी-बारिश से फसलें बर्बाद, हुआ भारी नुकसान

## मौसम ब्रेक : किसानों के माथे पर चिंता की लकीर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मार्च.मौसम ब्रेक... किसानो में माथे पर चिंता की लकीर आंधी-बारिश से फसलें बर्बाद हुआ भारी नुकसान आँख खुलते ही चौपट फसलें देखते आँखे हुई नम, सरकार से मुआवजे मांग की गई है.**

रीवा जिले में शुक्रवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जिससे मौसम सुहाना बना रहा। इस बीच धूप भी निकलती रही। लेकिन रात्रि करीब 9 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और ठंड हवाओं के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते ठंडक बढ़ गई और जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। रात्रि का समय होने की वजह से किसान भी यह नहीं जान पाए है कि उनकी फसलों को कितना नुकसान होगा। शनिवार की सुबह उठते ही जब किसानों की नजर गेहूं चना राई की फसलों पर प?ी तो जैसे उनके प्राण ही निकल गए हो, सभी ने अपने सर पर हाथ रख लिया और आँखो के आशु आ गए, सिरमौर, जवा, त्योंधर, मनगवां, गुढ़, आदि क्षेत्रों में फसलों के नुकसान की जानकारी सामने आई है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि फासले पूरी तरह से तैयार थी और अब उन्हें काटने की बारी थी लेकिन उसे ठीक पहले मौसम की मांरने अब एक बार फिर उनकी कमर तोड़ दी है किसानों का कहना है कि गेहूं चना और राई की फसल को भारी नुकसान हुआ है वही प्याज की खेती करने वाले किसानों को अब कीड़े लगने का भैंस सताने लगा है

किसानों ने शासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इसका निरीक्षण कर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

# बकाया कर जमा करने एवं राजस्व संग्रहण पर विशेष जोर

## रविवार के दिन भी खुले रहेंगे नगर निगम एवं सभी जोन कार्यालय

**नवभारत न्यूज+**

**रीवा, 21 मार्च. वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हेतु नगर निगम द्वारा विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है।**

इस क्रम में नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार रविवार को सभी जोन कार्यालय एवं निगम कार्यालय नियमित रूप से कार्य करेंगे। रविवार को विशेष कर संग्रहण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व संग्रहण एवं समापन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा लंबित करों का त्वरित निराकरण किया जा सके। उल्लेखनीय है कि शहर के करदाताओं के पास बकाया कर 31 मार्च 2026 तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 10 दिन शेष हैं। 1 अप्रैल 2026 से समस्त बकाया करों की राशि पर दोगुना प्रभाव लागू हो जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे 31 मार्च तक अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें। उन्होंने बताया कि नियत तिथि के पश्चात शासन के प्रावधानों के अनुसार बकाया राशि पर अधिभार लगाया जाएगा। रीवा नगर के समस्त स्वयं के आवासीय भवनों पर वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट 31 मार्च 2026 तक ही प्रभावी रहेगी। इसके पश्चात यह छूट समाप्त हो जाएगी तथा 12 प्रतिशत अधिभार देय होगा। साथ ही जिन भवन स्वामियों द्वारा वर्ष 2024-25 तक का संपत्तिकर जमा नहीं किया गया है, उन्हें शीघ्र भुगतान करने की सलाह दी गई है, अन्यथा उनके भवन/प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी/कुर्की की कार्यवाही की जा सकती है। निगमायुक्त ने सभी करदाताओं, शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों तथा व्यापारियों से अपील की है कि वे अवकाश के दिनों में भी निगम प्रशासन द्वारा प्रदत्त सुविधा का लाभ उठाकर अपने समस्त बकाया करों का भुगतान करें एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# प्रशासन की मिलीभगत से बिना टीपी के सरेआम ढोई जा रही खनिज सम्पदा

**सम्पति दास गुप्त**

**हनुमना, 21 मार्च. नगर व तहसील क्षेत्रांतर्गत आसपास की एरिया तथा उत्तर प्रदेश के 50किलोमीटर की एरिया में इन दिनों खनिज संपदा रेत गिट्टी आदि के साथ ही ईंटे सरेआम ओवर लोड कर मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की बार्डर एरिया में अवैध कारोबार खूब क्षफल फूल रहा है।**

बिना किसी वैध रॉयल्टी (ञक्क) के खनिज ले जा रहे ट्रैक्टर चालक न केवल सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं, बल्कि आम जनता की जान के लिए भी खतरा बने हुए हैं। ताज्जुब की बात यह है कि इस पूरे खेल में खनिज विभाग मौन बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि कृषि कार्य हेतु खरीदे जाने वाले ट्रैक्टरों से रोजाना बिना टीपी के रेत, गिट्टी और पत्थर तथा ईंटों




का परिवहन कर रहे हैं। इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। स?कों पर ब?ता जोखिम-ये वाहन क्षमता से अधिक ओवरलोड होते हैं, जिससे स?कों की हालत जर्जर हो रही है और आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। प्रशासनिक अनदेखी स्थानीय निवासियों का आरोप है कि खनिज विभाग के अधिकारियों को सूचना होने के बावजूद वे कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

**आखिर क्यों मौन है प्रशासनिक अमला-** हनुमना नगर व क्षेत्र में सरेआम हो रहे इस अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की 卐रहस्यमयी चुप्पी卐 कई सवाल ख? करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या विभाग को इन वाहनों की आवाजाही नहीं दिखती या फिर यह सब किसी मिलीभगत का हिस्सा है? नगरवासियों तथा क्षेत्रीय जनों ने ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही इन वाहनों पर नकेल कसी जाए, टीपी की जांच हो, और कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर खरीद कर कमर्शियल कार्य करते हुए वह भीओवरलोडिंग के माध्यम से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए की रॉयल्टी का चूना लगा रहे हैं वही जनता जनार्दन की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जो किसी दिन बड़ी हादसा का कारण बन सकता है अत: ऐसे कारोबार में लिप्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग स्थानीय नागरिकों ने की है।

### नगर व क्षेत्र की सुरक्षा पर सवाल

रिहायशी इलाकों और मुख्य बाजारों से ये ओवरलोड ट्रैक्टर तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे राहगीर हमेशा भयभीत रहते हैं। इतना ही नहीं कई बार तो लोगों की जान जाते-जाते बच्ची जब ट्रैक्टर ट्राली का चक फेंका गया और ट्राली के बगल में चल रहे लोगों की जाते-जाते बच गई।

# ट्रांसपोर्ट नगर में बनेगा शहर का दूसरा अंतर्राज्यीय बस स्टैंड

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मार्च. शहर वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। शहर के बढ़ते यातायात और विकास को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर में शहर का दूसरा अंतर राज्य बस अड्डा आईएसबीटी बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।**

यह नया बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर में बनाया जाएगा। इसका निर्माण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप यानी पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 30 करोड़ तय की गई है।

इस नए बस स्टैंड में एक साथ 80 बसों के खड़े होने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा यहां कमर्शियल वेल्डिंग और दुकानों का निर्माण भी किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनबड़े ने बताया कि प्रोजेक्ट का पूरा खांखा तैयार करने के लिए एक कंसलटेंट एजेंसी हायर करने का प्रस्ताव एमआईसी को भेज दिया गया है। स्वीकृत मिलते ही आगे का काम शुरू होगा। बस स्टैंड के साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में 31,000 वर्ग फीट में एक लॉजिस्टिक हब का भी टेंडर होना है। इससे शहर के अंदर बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश बंद हो जाएगा। जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी 2 वर्षों में यह सौगात शहरवासियों को मिल जाएगी।

# नशीली कैप्सूल सहित आरोपी पकड़ाया

## रायपुर कर्चुलियान पुलिस की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मार्च. पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर रायपुर करचुलियान पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध प्रभावी कारवाई कर नशीली कैप्सूल बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।**

इस पूरी कारवाई को लेकर डीएसपी मुख्यालय उदित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर करचुलियान थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नशे के विरुद्ध प्रभावी कारवाई कर नशीली कैप्सूल बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम महासुआ ओवर ब्रिज के नीचे आरोपी नागेंद्र कुमार सेन उम्र 24 वर्ष निवासी बरेही थाना रायपुर करचुलियान को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी ली गई तलाशी के दौरान नशीली कैप्सूल के 19 पत्ते कुल 152 नग जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# शहर में अतिक्रमण गिराने का हो रहा विरोध, गिराए जाने है 50 से ज्यादा मकान...





**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 मार्च. शहर में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कारवाई बोदाबाद के समीप आज दूसरे दिन भी निरंतर जारी है। यहां 80 वर्षों से रह रहे लगभग 50 परिवारों के घरों को बुलडोजर से जमीदोज किया जा रहा है।**

इस दौरान तहसीलदार सहित एक व्यक्ति के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई है। प्रशासन की इस कारवाही का प्रभावित लोगों द्वारा विरोध किया गया लेकिन कारवाई को निरंत जारी रखा गया है। कारवाई से ग्रसित लोगों की मांग थी कि उन्हें शहर के बीच विस्थापित किया जाए। फिर उन्हें हटाया जाए। मौके पर नगर निगम जिला प्रशासन के अमले सहित भारी पुलिस बल तैनात है। दरअसल यह पूरा मामला शहर के नीम चौराहा के पास स्थित बस्ती का है। जहां करीब 2 एकड़ से ज्यादा की सरकारी भूमि में 50 अवैध मकान का निर्माण कर लोग रह रहे थे। इस पूरी कारवाही को लेकर बताया गया है कि एक माह पहले प्रशासन ने सभी को बेदखली का नोटिस जारी किया था। उक्त शासकीय भूमि को खाली कराने के लिए याचिकाकर्ता रामानुज पांडे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा वैधानिक प्रक्रिया के तहत कारवाई करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद इस शासकीय अराज को आज खाली कराया जा रहा है। बताया गया है कि इस शासकीय भूमि पर नगर निगम द्वारा फायर ब्रिगेड स्टेशन और टावर बनाने का प्रस्ताव है।